>

Title: Need to ensure construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana as per specified norms and standards in Shravasti and Balrampur districts of Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): मेरे संसदीय क्षेत्र के जनपद श्रावस्ती एवं जनपद बलरामपुर, उत्तर प्रदेश में भारत सरकार की भारत निर्माण योजना अंतर्गत चल रही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की हालत खस्ता है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता बेहद घटिया एवं निराशाजनक है। इस संदर्भ में इस सदन एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से मैंने पूर्व में भी निवेदन किया था कि गुणवत्ता की जांच कराते हुए दोषीजनों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करने का कष्ट करें। परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस मद में केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित धन का दुरूपयोग जारी है। विशेषकर जनपद बलरामपुर में बहुत ही खराब स्थिति है जिससे स्थानीय जनता में काफी रोष व्याप्त है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत कराए गए कार्यों में कहीं भी तकनीकी अनुबंध (टैक्नीकल बिड) का अनुपालन पूर्णतया नहीं हो रहा है। जिसका सीधा प्रभाव गुणवत्ता पर पड़ता है। जिससे मानक अनुरूप निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। साथ ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत संपन्न कराए गए कार्यों का लोकार्पण अथवा प्रारंभ किए जाने वाले कार्यों का शिलान्यास सांसदों द्वारा नहीं कराया जा रहा है और न ही कहीं शिलालेख अथवा बोर्ड लगाए जा रहे हैं। जिससे यह विदित हो सके कि इस प्रोजेक्ट की लागत, धन का आवंटन आदि कहां से हो रहा है एवं परियोजना क्या है ?

कृपया उपरोक्त विषय में अभिष्ट कार्यवाही हेतु निर्देश जारी करने का कष्ट करें।